कुरवाई-मुंगावली मार्ग पर भीषण हादसा, दो मासूम भाई-बहन की मौत

खास बातें

- तेज रफ्तार जीप ने बाइक सवार परिवार को मारी जोरदार टक्कर, दंपति गंभीर घायल
- हादसे के बाद मौके पर लगा जाम, बड़ी संख्या में लोग पहुंचे

नवभारत न्यूज

कुरवाई 11 सितम्बर कुरवाई-मुंगावली मार्ग पर शुक्रवार शाम करीब 4.30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो मासूम भाई-बहन की मौत हो गई, जबकि उनके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए. मुंगावली की ओर से आ रही तेज रफ्तार जीप ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी. भिड़ंत इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम घोसुआ बर्री निवासी रवि पिता गंगाराम अपनी पत्नी रीना और दो बच्चों कार्तिक एवं पूनम के साथ बाइक से जा रहे थे. इसी दौरान मुंगावली की ओर से आ रही जीप क्रमांक एमपी 40 सीए 1671 ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद बाइक सवार परिवार सड़क पर जा गिरा.

हादसे में रवि के पुत्र कार्तिक और पुत्री पूनम को गंभीर चोटें आईं. दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं रवि और उनकी पत्नी रीना गंभीर रूप से घायल हो गए. राहगीरों ने तत्काल दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है. उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है.

घटना की सूचना मिलते ही कुरवाई पुलिस सहित आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने दोनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे. दुर्घटनाग्रस्त जीप को जब्त कर मामला दर्ज किया गया है. मामले की विवेचना प्रधान आरक्षक बसंत शाक्य द्वारा की जा रही है.

हादसे के बाद लगा जाम

हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंच गए. दुर्घटना को लेकर लोगों की भीड़ जमा होने से मार्ग पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई. मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा. पुलिस ने स्थिति संभालते हुए यातायात व्यवस्था सुचारु कराई.दो मासूम बच्चों की मौत की खबर जैसे ही ग्राम घोसुआ बर्री और आसपास के क्षेत्र में पहुंची, वहां शोक की लहर दौड़ गई. परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है. हादसे ने एक बार फिर कुरवाई-मुंगावली मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं.

धमकी भरा पत्र मिलने से हिंदू संगठनों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

विदिशा. सर्व हिंदू समाज एवं बटेश्वर भागवत सेवा संस्थान की ओर से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कथित रूप से जान से मारने की धमकी वाले पत्र की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई. ज्ञापन में बताया गया कि 4 सितंबर को झाबुआ जिले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दौरान आयोजित सत्संग कार्यक्रम में संत पं. कमल किशोर नागर मौजूद थे.ज्ञापन के अनुसार कमल किशोर नागर द्वारा धर्मांतरण और गौ-तस्करी के विरुद्ध जनजागरण एवं गौ-संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं. कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को भेंट की गई सामग्री, शॉल एवं श्रीफल के बीच कथित धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ. पत्र की भाषा और विषयवस्तु को गंभीर बताते हुए मामले की सूक्ष्म एवं निष्पक्ष जांच की मांग की गई.ज्ञापन में पत्र भेजने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई तथा मामले को गंभीरता से लेने का अनुरोध किया गया. इस दौरान हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे.

सैटि में चार दिवसीय 'विश्वा टेक कार्यक्रम' आज से

नवभारत न्यूज

विदिशा. एसएटीआई के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अभियंता दिवस के अवसर पर 'विश्वा टेक कार्यक्रम 2026' का आयोजन किया जा रहा है. चार दिवसीय यह कार्यक्रम 12 से 15 सितंबर तक आयोजित होगा. इसमें विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 650 से 700 विद्यार्थी भाग लेंगे.कार्यक्रम के दौरान तकनीकी प्रतियोगिताओं के साथ विभिन्न आधुनिक तकनीकी विषयों पर प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी. इनमें रोबोटिक्स, वेब3, कृत्रिम बुद्धिमत्ता का एकीकरण, स्टार्टअप, मुक्त स्रोत, एपीआई प्रोग्रामिंग एवं नवाचार जैसे विषय शामिल हैं. कार्यक्रम में पात्र विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे.आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में तकनीकी ज्ञान, रचनात्मकता, नवाचार एवं व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देना है.

तहसीलदार की शिकायत पर व्हाट्सऐप चैट को लेकर मामला दर्ज

- मोबाइल नंबर धारक पर आपत्तिजनक और जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल का आरोप
- अश्लील सामग्री भेजकर मानहानि करने की शिकायत

नवभारत न्यूज

विदिशा, तहसीलदार प्रीति पंथी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने एक मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ व्हाट्सऐप चैट के माध्यम से आपत्तिजनक एवं जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने, अश्लील सामग्री भेजने और मानहानि करने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है.

शिकायत के अनुसार तहसीलदार प्रीति पंथी विदिशा तहसीलदार के पद पर पदस्थ हैं. उन्हें करीब 15 दिन पूर्व डाक के माध्यम से बंद लिफाफा मिला था लिफाफे में व्हाटसएप पर हुई बातचीत के स्क्रीन शॉट के तीन पेज थे जिसमें तहसीलदार के खिलाफ आपत्तिजन बातें की गई थीं एवं जातिसूचक शब्दों को इस्तेमाल किया गया था. शिकायत में बताया गया कि एक व्यक्ति राजस्व परिसर में मिला था और उसने एक टाइपशुदा आवेदन भी प्रस्तुत किया था. आवेदन की जांच के दौरान संबंधित मोबाइल नंबर के धारक के संबंध में पुलिस को जानकारी मिली. तहसीलदार ने आरोप लगाया कि उक्त मोबाइल नंबर से व्हाट्सऐप चैट के माध्यम से उनके संबंध में आपत्तिजनक एवं जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया. चैट में अश्लील शब्दों और सामग्री के जरिए उनके चरित्र को लेकर अपमानजनक बातें लिखे जाने का भी आरोप है. मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा एससी/एसटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है.

सड़कों पर घूम रहे बेसहारा मवेशियों पर नपा की कार्रवाई

- काऊ कैचर से पकड़कर दो दर्जन से अधिक मवेशी गौशाला भेजे
- पशुपालकों को दी कार्रवाई की चेतावनी

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. नगर में सड़कों पर घूम रहे बेसहारा मवेशियों के कारण बढ़ रहे दुर्घटना के खतरे को देखते हुए नगर पालिका ने कार्रवाई शुरू की है. नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के निर्देश पर गुरुवार को अमले ने काऊ कैचर के माध्यम से अभियान चलाकर दो दर्जन से अधिक बेसहारा मवेशियों को पकड़कर नजदीकी गौशाला भिजवाया.

नगर के जयस्तंभ चौक, स्टेशन रोड, बरेठ रोड, गल्ला मंडी, एसडीएम कार्यालय के सामने और पुरानी अनाज मंडी सहित प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर बैठे और घूमते रहते हैं. इससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. रात के समय सड़क पर बैठे मवेशियों के कारण दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है.

नागरिकों की लगातार शिकायतों के बाद नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर अमले ने काऊ कैचर वाहन के साथ अभियान शुरू किया. कार्रवाई के दौरान दो दर्जन से अधिक मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा गया.नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि बेसहारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान लगातार जारी रहेगा. उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़ें. ऐसा करने पर संबंधित पशुपालकों के विरुद्ध जुर्माना सहित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित बनाना नगर पालिका की प्राथमिकता है. नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी. नगर पालिका की कार्रवाई से नागरिकों ने राहत की सांस लेते हुए अभियान की सराहना की है.

139 टीमों के 828 विद्यार्थियों ने 17 विषयों पर प्रस्तुत किए नवाचार, विशेषज्ञों ने किया समाधानों का मूल्यांकन

नवभारत न्यूज

विदिशा. एसएटीआई में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के आंतरिक चरण का सफल आयोजन किया गया. संस्थान की 139 टीमों के 828 विद्यार्थियों ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित 17 थीम के अंतर्गत दिए गए समस्या-वक्तव्यों पर अपने नवाचार और समाधान प्रस्तुत किए.

कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन समारोह के साथ हुआ. आयोजन एमआईआईसी, सैटि-विदिशा के सहयोग से आरएएमपी योजना के अंतर्गत किया गया. इसमें लघु उद्योग निगम एवं एमपी स्टार्टअप सेल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को नवाचार, तकनीकी रचनात्मकता, टीम भावना और वास्तविक जीवन की समस्याओं के प्रभावी समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करना रहा.उद्घाटन समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ. वाई.के. जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोई विचार तभी सार्थक होता है, जब उसे वास्तविक समस्या के समाधान में परिवर्तित किया जा सके.कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक उपस्थित रहे. इनमें डॉ. कनक सक्सेना, डॉ. आशुतोष दातार, डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. डी.के. शाक्य, प्रोफेसर सतीश पवार, डॉ. दिव्य ऋषि साहू, प्रोफेसर गरिमा जैन एवं डॉ. ओंकार तिवारी सहित अन्य शिक्षक शामिल रहे. संस्थान के 50 विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों का मूल्यांकन किया.बीटेक विद्यार्थियों निखिल कुशवाहा, हार्दिक कुमार सिन्हा, आशुतोष सिंह बघेल, उत्कर्ष विश्वकर्मा, दीपक कुमार गुप्ता एवं तौफीक लुहार ने 50 विद्यार्थियों की टीम के साथ आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.आंतरिक हैकाथॉन के दौरान विद्यार्थियों ने समस्या की पहचान, विचार निर्माण, तकनीकी विकास, प्रस्तुतीकरण और समाधान के व्यावहारिक परीक्षण का अनुभव प्राप्त किया.

श्रीमती सुंदर बाई जैन के नेत्रदान से दो लोगों के जीवन में आएगा उजाला

- परिजनों ने निधन के बाद किया नेत्रदान
- समाज के लिए प्रस्तुत किया मानव सेवा का प्रेरणादायी उदाहरण

नवभारत न्यूज

विदिशा. श्रीमती सुंदर बाई जैन, धर्मपत्नी स्वर्गीय पन्नालाल जैन एवं कमल जैन (कमल टी) तथा अतुल जैन की माताजी के निधन के बाद परिजनों ने उनका नेत्रदान कर मानव सेवा की मिसाल प्रस्तुत की. नेत्रदान से दो जरूरतमंद दृष्टिहीन लोगों के जीवन में रोशनी आने की संभावना है.नेत्रदान को मानवता की महान सेवा माना जाता है. श्रीमती सुंदर बाई जैन का नेत्रदान समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है. उनके इस पुनीत कार्य से अन्य लोगों को भी नेत्रदान के लिए आगे आने की प्रेरणा मिलेगी.

नेत्रदान के लिए प्रेरणा एवं विशेष सहयोग श्रीमती नीता सराफ का रहा. नेत्रदान की प्रक्रिया में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. मनीष निगम, आई बैंक प्रभारी डॉ. सपना रघुवंशी, नेत्र विभाग के डॉ. राकेश मीणा, डॉ. योगेश सैनी, डॉ. सुरभि एवं नर्सिंग ऑफिसर आशीष मानकर का महत्वपूर्ण सहयोग रहा.श्रीमती नीता सराफ ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं मेडिकल कॉलेज की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेत्रदान एक महान सेवा है. हमारे जाने के बाद भी किसी के जीवन में उजाला कायम रहे, इससे बड़ा पुण्य कार्य और क्या हो सकता है.उन्होंने समाज के लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक लोग नेत्रदान का संकल्प लें और इस महान सेवा से जुड़कर जरूरतमंद लोगों के जीवन में रोशनी लाने का माध्यम बनें.

एक दिवस-एक वार्ड अभियान से विदिशा को बनाएंगे स्वच्छ

नवभारत न्यूज

विदिशा. सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शहर विदिशा को विशुद्ध एवं विलक्षण विदिशा बनाने के संकल्प के साथ 12 सितंबर से प्रत्येक वार्ड को पूर्ण स्वच्छ बनाने का अभियान शुरू किया जाएगा. अभियान की शुरुआत शनिवार को वार्ड क्रमांक 5 से होगी.अभियान के तहत एक दिवस-एक वार्ड की तर्ज पर प्रत्येक दिन एक वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा. इसमें विधायक मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, पार्षदगण, नगर पालिका के अधिकारी एवं संपूर्ण सफाई अमला शामिल होगा. जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम मनीष जैन सहित शहर के जागरूक नागरिक भी अभियान में सहभागिता करेंगे.अभियान के अंतर्गत शहर के सभी 39 वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर वार्डों को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने का प्रयास किया जाएगा. सफाई के साथ ही नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा.अभियान का उद्देश्य शहर के प्रत्येक वार्ड को स्वच्छ बनाकर विदिशा को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना है.

अवैध शराब पर सिविल लाइन पुलिस का शिकंजा तीन मामलों में 62 .6 लीटर शराब जब्त

जहरीली शराब के साथ कट्टा-कारतूस भी मिला

तीन आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत केस

नवभारत न्यूज

विदिशा,अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने लगातार तीन कार्रवाई करते हुए करीब 62.6 लीटर अवैध शराब जब्त की है. इनमें जहरीली हाथ भट्टी शराब भी शामिल है. एक कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से कट्टा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ. तीनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं.

पुलिस को सूचना मिली थी कि तखतमल कॉलोनी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 स्थित मोटरसाइकिल पार्किंग के पास एक व्यक्ति अवैध शराब लेकर बिक्री की फिराक में है. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राकेश उर्फ पॉर (40) निवासी तखतमल कॉलोनी को पकड़ा. तलाशी में उसके कब्जे से अवैध/जहरीली शराब के साथ लोहे का कट्टानुमा हथियार और जिंदा कारतूस मिला. आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 49(ए) तथा आयुध अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया गया. पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से छह अपराध दर्ज हैं.

320 पाव देशी शराब पकड़ी

11 सितंबर को कृषि उपज मंडी के पीछे सोराई बायपास पुलिया के पास कार्रवाई कर सचिन रघुवंशी (32) निवासी बंटी नगर को पकड़ा गया. उसके पास सात कार्टून में रखे 320 पाव देशी शराब, कुल 57 लीटर 600 मिलीलीटर, बरामद हुई. शराब की कीमत करीब 32 हजार रुपए बताई गई है. आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया. एक अन्य कार्रवाई में रेलवे संस्थान, प्लेटफार्म नंबर 4 की ओर से सिवा कुछ बढ़िया (20) निवासी शेरपुरा टीला को पकड़ा गया. उसके कब्जे से हाथ भट्टी से निर्मित पांच लीटर जहरीली शराब जब्त हुई. आरोपी के खिलाफ धारा 49 आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया है.

केबीटी प्राइवेट आईटीआई में स्वास्थ्य एवं पोषण जागरुकता शिविर

- पोषण सप्ताह के तहत विद्यार्थियों को संतुलित आहार
- स्वच्छता और संक्रामक बीमारियों से बचाव की दी जानकारी

नवभारत न्यूज

विदिशा. केबीटी प्राइवेट आईटीआई विदिशा में पोषण सप्ताह 2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य एवं पोषण जागरूकता शिविर आयोजित किया गया. जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य टीम ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी.शिविर के दौरान कैंसर, टी.बी., डेंगू-मलेरिया एवं एचआईवी/एड्स से बचाव और रोकथाम के उपायों के बारे में भी विस्तार से बताया गया. विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग तथा संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई.संस्था संचालक आनंद शरण ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार, स्वच्छता और नियमित दिनचर्या को जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है.कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी देवेंद्र कुशवाह एवं धनराज अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही. मीडिया प्रभारी राहुल विश्वकर्मा, हर्ष सक्सेना एवं जितेन्द्र कुमार वर्मा सहित समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया. शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

सशक्त वाहिनी की बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस एवं साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

विदिशा. कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता कांसवा के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जैन कॉलेज, विदिशा में सशक्त वाहिनी की बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा एवं साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के साथ सेल्फ डिफेंस, कराते, ताइक्वांडो एवं बॉक्सिंग की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षक भूपेंद्र शर्मा ने बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा आवश्यक आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास कराया.प्रशिक्षण का उद्देश्य बालिकाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने के लिए तैयार करना है. कार्यक्रम में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास किया.महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं.

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित हैदरगढ़ विदिशा

पंजीयन क्र. 8426/16.10.1957 दिनांक- 10/09/2026

:: वार्षिक आम सभा सूचना ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति हैदरगढ़ के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 16/09/2026 दिन बुधवार को समय दोपहर 1 बजे से स्थान समिति कार्यालय भवन हैदरगढ़ मे रखी गई है। कोरम के अभाव मे स्थगित शुदा बैठक आधा घंटे पश्चात पुन: नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यो को सभा का विस्तृत ऐजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

समिति प्रबंधक शुभम बैरागी समिति हैदरगढ़ — प्रशासक केसी यादव

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित धामनोद विदिशा

पंजीयन क्र. 447/10.12.1992 दिनांक- 10/09/2026

:: वार्षिक आम सभा सूचना ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति धामनोद के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 15/09/2026 दिन मंगलवार को समय 11 बजे से स्थान समिति कार्यालय भवन धामनोद मे रखी गई है। कोरम के अभाव मे स्थगित शुदा बैठक आधा घंटे पश्चात पुन: नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यो को सभा का विस्तृत ऐजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

समिति प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह तोमर समिति धामनोद — प्रशासक केसी यादव

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित गुन्नोठा विदिशा

पंजीयन क्र. 449/10.12.1992 दिनांक- 10/09/2026

:: वार्षिक आम सभा सूचना ::

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति गुन्नौठा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 16/09/26 दिन बुधवार को समय 11 बजे से स्थान समिति कार्यालय भवन गुन्नौठा मे रखी गई है कोरम के अभाव मे स्थगित शुदा बैठक आधा घंटे पश्चात पुन: नियत स्थान पर ही होगी समस्त सदस्यो को सभा का विस्तृत ऐजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

समिति प्रबंधक प्रीतम सिंह विश्वकर्मा समिति गुन्नोठा — प्रशासक केसी यादव

आयोजन दादा-दादी और नाना-नानी के स्नेह, अनुभव और आशीर्वाद को समर्पित रहा आयोजन, बच्चों के साथ ग्रैंड पेरेंट्स ने भी लिया विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा

ओलंपस हाई एवं लिटिल ओलंपियस में भव्यता से मनाया ग्रैंड पेरेंट्स डे

नवभारत न्यूज

विदिशा. ओलंपस हाई विद्यालय एवं लिटिल ओलंपियंस में ग्रैंडपेरेंट्स डे हर्षोल्लास और भावनात्मक वातावरण में मनाया गया. आयोजन में नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ उनके दादा-दादी एवं नाना-नानी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. कार्यक्रम प्रेम, अपनत्व और पारिवारिक मूल्यों से जुड़ी यादों से भर गया.

लिटिल ओलंपियंस में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ रोटेरियन एवं मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग मित्र चंद्रमोहन अग्रवाल रहे. वहीं ओलंपस हाई विद्यालय में मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन चेयरपर्सन डॉ. आरती शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि लायंस क्लब बेतवा विदिशा की अध्यक्ष रश्मि चंदेल रहीं.कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन यशपाल सिंह, डायरेक्टर मोहित रघुवंशी, अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी, प्राचार्या प्रियंका सिंह एवं लिटिल ओलंपियंस की हेड मिस्ट्रेस अमिता असाटी उपस्थित रहीं.कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई. नन्हे कलाकारों ने नृत्य एवं कविताओं के माध्यम से दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति अपने प्रेम एवं सम्मान को व्यक्त किया. बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया.आयोजन का सबसे आकर्षक पक्ष ग्रैंडपेरेंट्स की सक्रिय सहभागिता रही. उन्होंने बच्चों के साथ विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया, गीत गाए, नृत्य किया और अपने जीवन की यादगार स्मृतियां साझा कीं. बच्चों और वरिष्ठजनों के बीच हंसी-खुशी और स्नेह के इन पलों ने वातावरण को आत्मीय बना दिया.मुख्य अतिथि चंद्रमोहन अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए बच्चों एवं अभिभावकों को मोबाइल फोन के अत्यधिक एवं अनुचित उपयोग से बचने के लिए जागरूक किया. उन्होंने परिवार में संवाद और एक-दूसरे के लिए समय निकालने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में दादा-दादी एवं नाना-नानी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है.डॉ. आरती शर्मा ने विद्यालय की पहल की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों और वरिष्ठ पीढ़ी के बीच ऐसा जुड़ाव परिवार की खूबसूरत विरासत है. उन्होंने ग्रैंडपेरेंट्स के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की.विद्यालय की ओर से ग्रैंडपेरेंट्स को रिटर्न गिफ्ट के रूप में तुलसी के पौधे भेंट किए गए. इसके माध्यम से प्रेम एवं सम्मान के साथ हरियाली, प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया.कार्यक्रम ने बच्चों को अपनी जड़ों, पारिवारिक संस्कारों और वरिष्ठजनों के अनुभवों से जुड़ने का अवसर दिया. समापन पर सभी ग्रैंडपेरेंट्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं स्नेहमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं.